मिग्सर की पाँचम है आई लाई खुशियाँ अपार

मिग्सर की पाँचम है आई,
लाई खुशियाँ अपार,
अरे झूमो अरे नाचो गावो,
आया मिग्सर त्योहार।bd।

अरे आई मिग्सर पाँचम की,
बड़ी ही पावन रात,
बाबोसा स्वयं आकर करते,
कृपा की बरसात,
अरे स्वर्ग लोक से आते है देखो,
चूरू के सरकार,
अरे झूमो अरे नाचो गावो,
आया मिग्सर त्योहार।bd।

बाबोसा भगवान का इस दिन,
हुआ था राजतिलक,
भक्त हजारो आते,
पाने को एक झलक,
स्वर्ग सा लागे है नजारा,
खूब सजा दरबार,
अरे झूमो अरे नाचो गावो,
आया मिग्सर त्योहार।bd।

बाबोसा की दिव्य ज्योत पर,
बाईसा पधारे है,
आहुति देकर बाईसा,
बाबोसा को पुकारे है,
भक्तो का कल्याण करो,
है बाबोसा भगवान,
अरे झूमो अरे नाचो गावो,
आया मिग्सर त्योहार।bd।

मिग्सर की पाचम है आई,
लाई खुशियाँ अपार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अरे झूमो अरे नाचो गावो,
आया मिग्सर त्योहार।bd।

स्वर – दिव्यांश,संगीता,
सम्यता,हर्ष,राजुल।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com